# 1 से 7 जनवरी तक होगी भव्य श्रीमद् भागवत कथा

## 15 दिसम्बर को आयोजित होगी महत्वपूर्ण बैठक, 1 जनवरी को परम श्रद्धेय गुरू के मार्गदर्शन में निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**सेंधवा, (नवभारत)।** परम श्रद्धेय जगतगुरु निंबार्काचार्य स्वामी श्याम शरणजी देवाचार्य, निंबार्कधाम सलेमाबाद के मुखारबिंद से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन स्व विष्णुप्रसाद यादव की स्मृति में किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव की अध्यक्षता में 15 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की जाकर रूपरेखा बनाई जाएगी। साथ ही बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 1 जनवरी से 7 जनवरी तक जगन्नाथ पुरी, झंवर साहब की कॉलोनी, सेंधवा में किया जाएगा। कथा स्थल पर भव्य पंडाल, आकर्षक मंच, साउंड सिस्टम, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका



अध्यक्ष बसंती बाई यादव ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाला होगा। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण के लिए पहुंचने का आह्वान किया।

आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप देने के लिए सभी सामाजिक संगठनों, महिला मंडलों, युवाओं और स्वयंसेवकों से सहयोग की अपील की गई तथा बैठक में सहभागिता का आह्वान किया गया। 1 जनवरी को परम श्रद्धेय गुरु के मार्गदर्शन में नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा राजराजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति, श्रद्धालुजन, भजन मंडलियां और ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल होंगे। कलश यात्रा को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए मार्ग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाली संगीतमय भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण किया जाएगा। कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति, सेवा और मानव मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**निकलेगी कलश यात्रा**

- शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी भव्य कलश यात्रा।
- कथा के दौरान किया जाएगा। प्रसादी का वितरण।

## एक नजर में

### राधा कृष्ण धाम पहुंचे राष्ट्रीय संत



**पानसेमल।** नगर में राष्ट्रीय संत आचार्य कौशिक महाराज का आगमन हुआ। नगरवासियों ने उनका पुष्पहार एवं शाल श्रीफल से उनका स्वागत किया। जिसके बाद उनका काफिला मेद्राना राधा कृष्ण धाम पर पहुंचा। जहां संतों ने उनका अभिनंदन किया। संत राजाराम दास महाराज ने बताया कि पुण्य सलिला मां नर्मदा परिक्रमा के दौरान राष्ट्रीय संत आचार्य कौशिक महाराज आश्रम में आगमन हुआ। आचार्य ने कहा इस आश्रम में राधाकृष्ण भगवान के दर्शन कर ऐसा लगा जैसे वृंदावन में आ गया हूं। संतश्री के परिक्रमा दल करीब 50 से अधिक वाहनों के बड़े जत्थे के साथ यात्रा कर रहे हैं। आश्रम में संतश्री का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार से भव्य स्वागत किया। इस दौरान राधाकृष्ण आश्रम के संत राजारामदास महाराज, संत प्रवीणदास महाराज, लोकेश शुक्ला, राम सोनाने, सलोनी राणा, विनोद वसावे, कमलेश अग्रवाल, अंबालाल पटेल, ओम खंडेलवाल, सुनील शर्मा, मनोज माहेश्वरी व अन्य मौजूद थे।

### श्रद्धा आस्था को लेकर पैदल चले हरिद्वार



**बडवानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित अखंड दीपक, माताजी जन्म शताब्दी कार्यक्रम को लेकर परिजनों में उत्साह और उमंग की लहरे उठ रही हैं। आदिवासी अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में हरिद्वार में आदिवासी सम्मेलन आयोजन में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने का मन बना है। गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा से समर्पण यात्रा में ज्ञान रथ को साथ लेकर पैदल यात्रा कर रहे सीताराम सोलंकी एवं लालू ने कहा कि यह मात्र यात्रा नही ं मेरे जीवन को बदलने वाले संत डेमनिया बाबा के प्रति समर्पण और गुरुदेव, वंदनीय माताजी की आस्था को साथ में लेकर श्रद्धा के साथ हरिद्वार तक पैदल जा रहा हूं। साधिका कुमायडी जी आया ने गायत्री माता के आशीर्वाद देकर समूचे आदिवासी समाज की ओर से मंगल तिलक किया। परिव्राजक तानसेन ने वैदिक मंत्रोचार से रथ पुजन कराया और गुरु आह्वान किया। जिला सहायक विक्रम जमरे, लालचंद डावर, शिला अहिरे ने शक्तिपीठ साली टांडा से गायत्री माता की दिव्य ज्योति शक्ति कलश के साथ समर्पित की। समर्पण यात्रा निषाद राज के क्रिया कलापों को और जन्म शताब्दी वर्ष की सफलता की कामनाओं के साथ गोष्ठी दीप यज्ञ करती हुई हरिद्वार पहुंचेगी। जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने बताया कि जब इच्छा के साथ शक्ति जुड़ती है तभी संकल्प बनता है और संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। विकल्परहित संकल्प को लेकर इक्कीसवीं सदी उज्वल भविष्य योजना को साकार करने में भागीदारी करेंगे। साधना अभियान प्रभारी नरेंद्र डावर के नेतृत्व में 60 परिजन हरिद्वार में समयदान की सेवाए दे रहे हैं।

## एक नजर में

### शातिर बदमाश 'पॉपकॉर्न' छह माह के लिए तड़ीपार



**इंदौर.** आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय कुख्यात और शातिर बदमाश रोहन उर्फ पॉपकॉर्न पर पुलिस आयुक्त ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे शहर और आसपास के जिलों की सीमाओं से छह माह के लिए तड़ीपार कर दिया है. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के टापू नगर में रहने वाला 20 वर्षीय रोहन उर्फ पॉपकॉर्न पिता किशन कदम लगातार अपराधों में लिप्त रहने के कारण पुलिस की निगरानी सूची में था. उसकी हरकतों से क्षेत्र में लगातार तनाव और असुरक्षा का माहौल बन रहा था. इसी आधार पर पुलिस आयुक्त ने उसे छह माह के लिए इंदौर नगरीय सीमा, देहात क्षेत्र और आसपास के सीमावर्ती जिलों से बाहर रहने का आदेश जारी किया है. आदेश जारी होने के बाद परदेशीपुरा पुलिस की टीम ने क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से यह निर्देश सार्वजनिक रूप से सुनाया. आरोपी और उसके परिजनों को आदेश का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई. साथ ही आसपास के रहवासियों को भी सूचित किया कि आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई लागू हो चुकी है और यदि वह शहर की सीमा में दिखाई देता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें.

### सूने घर से चोर नकदी जेवर लेकर हुए फरार

**इंदौर.** जूनी इंदौर इलाके में बदमाशों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर नकदी और गहने चोरी कर लिए .पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. देवेन्द्र नगर निवासी नितिन गवते ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि राजमहल कॉलोनी स्थित उसकी चाची के घर में चोरी हुई है. घटना उस वक्त हुई, जब चाची किसी काम से शहर से बाहर थीं. खाली घर का फायदा उठाकर चोरों ने ताला तोड़ा और भीतर घुसकर सोने चांदी के जेवरों के साथ नकदी पर हाथ साफ कर दिया. सूचना मिलते ही नितिन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे. चोरी गए सामान का सटीक आकलन चाची के लौटने के बाद ही संभव होगा. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है. टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके.

### घरेलू विवाद में पत्नी का सिर फोड़ा

**इंदौर.** शहर में घरेलू विवाद दो अलग-अलग परिवारों में इतना बढ़ गया कि एक पति ने पत्नी का सिर फोड़ दिया, जबकि दूसरे ने गुस्से में पत्नी का कान नोचकर उसे घायल कर दिया. दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला हीरानगर थाना क्षेत्र के कबीटखेड़ी का है. यहां 40 वर्षीय ममता मोर्य ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका पति राहुल अक्सर किसी महिला से फोन पर बात करता है. जब उन्होंने इसका विरोध किया तो राहुल आगबबूला हो गया. कहासुनी बढ़ी तो उसने गाली-गलौज करते हुए कड़े से ममता के सिर पर वार कर दिया. चोट लगने से वह लहूलुहान हो गई. दूसरी घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर की है. यहां रहने वाली 35 वर्षीय माया मन्सोरे ने पुलिस को शिकायत में बताया कि पति मनोज रोज शराब पीकर घर आता है. रात भी वह नशे में पहुंचा और माया ने उसे शराब छोड़ने की सलाह दी तो वह भड़क उठा. गाली गलौज के बाद उसने माया के कान में पहने टॉप्स को जोर से खींच लिया. इससे उसका कान फट गया और खून बहने लगा. दोनों प्रकरणों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.

### पत्नी को धक्का दिया, लोडिंग से टकराकर घायल

**राऊ** क्षेत्र में पति पत्नी के बीच हुए विवाद में तकरार के दौरान पति ने पत्नी को धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क पर जा गिरी और लोडिंग वाहन की चपेट में आकर घायल हो गई. अपने पति से अलग रह रही गौरी नगर निवासी आरती साहू ने राऊ थाने में पति दीपक साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने बेटे अथर्व से मिलने उसके राऊ स्थित पलाश परिसर वाले घर गई थी. इसी दौरान पति ने कहा कि थाने चलकर बात करते हैं. दोनों एबी रोड

# इच्छापूर्ति गणपति मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव संपन्न

**पानसेमल** तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जलगोन में ग्रामीणों के सहयोग से इच्छापूर्ति गणपति मंदिर में 3 दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना महोत्सव का समापन हुआ। भव्य कलशयात्रा के साथ उत्सव की शुरूआत करते हुए उज्जैन निवासी वेदाचार्य पंडित मनोज दवे एवं पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया। शनिवार ग्रामीणों ने बताया कि गणपति उत्सव के दौरान ही सभी ग्रामीणों की कई वर्षों से इच्छा थी कि ग्राम में गणपति मंदिर बनना चाहिए जिसके बाद ग्राम में सर्व समाज की सहमति से मंदिर निर्माण हुआ, प्रतिमा, कलश की शोभायात्रा के साथ ही यज्ञ पुजन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। आयोजन में संत राजाराम दास महाराज, संत शिवानंदगिरी महराज संत प्रवीण दास महाराज संत राघवेंद्रदास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान विधायक श्याम बर्डे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे, लोकेश शुक्ला, राम सोनाने, ग्राम के वरिष्ठ, जनप्रतिनिधियों सहित आसपास ग्रामों से श्रद्धालु सम्मिलित हुए।



# जीपीएफ गुमशुदा कटौत्री तथा सामान्य भविष्य निधि जागरुकता से संबंधित शिविर का

**बड़वानी।** महालेखाकार ग्वालियर द्वारा जीपीएफ प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 से 19 दिसम्बर 2025 तक गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदो के निराकरण के लिए जीपीएफ शिविर का आयोजन कलेक्टर कार्यालय इन्दौर के कक्ष क्रमांक 112 में किया गया है। जिससे बड़वानी जिले के जीपीएफ के अभिदाताओं के लिए 17 दिसम्बर 2025 को गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें संबंधित अभिदाता वांछित अभिलेख के साथ उपस्थित होकर अपने गुमशुदा कटौत्रे से संबंधित समस्या का निराकरण करा सकते हैं। इसके लिए समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी, अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी अवगत कराए।

# आचार्य के सानिध्य में धूमधाम से हुआ भक्तामर विधान

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 14 दिसम्बर**

दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र बावनगजा पर विराजित उत्कृष्ट समाधि धारक राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के शिष्य भक्तामर महोदधि उच्चारणाचार्य विनम्र सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में शनिवार को भक्तामर विधान धूमधाम से सम्पन्न हुआ। आचार्य संघ ने पहाड़ पर स्थित मंदिरों के वंदना एवं दर्शन कर भगवान आदिनाथ के चरणों में विशेष ध्यान और साधना की। साथ ही इस रमणीय स्थल पर आकर एक अलग ही अनुभूति को प्राप्त किया।



मुनिसंघ ने चुलगिरी के मंदिर के दर्शन कर यहां से मोक्ष गए इंद्रजीत, कुंभकर्ण और साढ़े तीन करोड़ मुनिराज की भक्तिमय साधना अर्चना के साथ ही तलहटी के मंदिरों के दर्शन किए।

आचार्य संघ के सानिध्य में भगवान के अभिषेक शांतिधारा, नित्य नियम की पुजन सम्पन्न हुई एवं आचार्य श्री का भी पुजन हुा। इसके बाद आचार्य संघ की आहार चर्या हुई, आचार्य संघ की सामयिक के बाद भक्तामर विधान हुआ। जिसमें श्रावकों द्वारा भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। आचार्य श्री को शास्त्र भेंट कर पाद प्रक्षालन किया, इस अवसर पर कई श्रावक और श्राविका उपस्थित हुए। शाम को प्रतिक्रमण, गुरुभक्ति, भगवान की आरती और आचार्य श्री की आरती उपस्थित श्रावकों ने की, उसके पूर्व आचार्य संघ की आगवानी ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी और ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा आरती उतार कर पाद प्रक्षालन और श्रीफल भेंट कर की।

उक्त जानकारी देते हुए मनीष जैन ने बताया कि रविवार सुबह हजारों श्रावक श्राविकाओं के बीच 84 फीट ऊंची भगवान आदिनाथ की प्रतिमा जी के चरणों के अभिषेक और 1008 मंत्रों से शांतिधारा होगी। दोपहर को आहार के बाद आचार्य श्री का 16वां दीक्षा दिवस का कार्यक्रम और प्रवचन होंगे।

**यात्रियों का आना प्रारंभ**

ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए बाहर से यात्रियों का आना प्रारंभ हो गया है।

# भाजपा की सदस्यता नहीं ली तो झूठे केस में फंसा दिया : कादरी

## कोर्ट ने अनवर को जमानत देने से किया मना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लव जिहाद फंडिंग केस में गिरफ्तार पूर्व पार्षद ने अदालत में दावा किया कि राजनीतिक दबाव में उसे फंसाया गया है और सदस्यता ठुकराने की कीमत हिरासत में रहकर चुकानी पड़ रही है.बाणगंगा थाने में दर्ज लव जिहाद फंडिंग केस में जेल में बंद पूर्व पार्षद अनवर कादरी को कोर्ट से राहत नहीं मिली. जमानत सुनवाई के दौरान कादरी ने अदालत के सामने कहा कि भाजपा से जुड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और सदस्यता लेने से मना करने पर उसे झूठे प्रकरण में उलझा दिया. उसकी ओर से दायर आवेदन में उल्लेख किया गया कि वह पिछले करीब 15ङ्ग16 वर्षों से पार्षद रहा है और हिरासत में रहने से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है. शासन की ओर से कादरी की मांग का विरोध यह कहते हुए किया कि केस गंभीर है और जांच में उसकी भूमिका सामने आई है. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश यतेश शिशौदिया की अदालत ने जमानत आवेदन निरस्त कर दिया. ज्ञात हो कि कादरी को 5 नवंबर को पार्षद पद से हटाया था. वहीं संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने उसे आगामी पांच वर्षों तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी घोषित किया था. उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं. गंभीर आरोपों के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अनुशंसा पर नगर निगम के विशेष सम्मेलन में कादरी को पद से हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया.

# दो लाख के नकली नोट के साथ चार युवक गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** गुटकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में देर रात दबिश देकर क्राइम ब्रांच ने नकली नोट चलाने की साजिश रच रहे चार युवकों को धर दबोचा. आरोपियों से दो लाख रुपए के नकली नोट और दो दोपहिया वाहन जब्त कर मामला जांच में लिया है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर क्राइम ब्रांच अवैध गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर लगातार निगरानी रख रही है. जिसके तहत देर रात विश्वसनीय सूचना मिली कि सदर बाजार रोड स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास चार युवक संदिग्ध हालत में आ-जा रहे हैं.



एक युवक के पास लाल रंग का बैग भी था. सूचना पुख्ता लगने पर टीम ने घेराबंदी कर चारों को हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान उनके पास से 500 -500 रुपए के करीब 400 नकली नोट बरामद हुए. अलग-अलग सीरीज में तैयार किए गए ये नोट शहर में खपाने की योजना थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हीरो होंडा सीडी 100 और सुजुकी एक्सेस दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं. गिरफ्तार आरोपियों में ऋषिकेश तोण्डे, वंश केथवास, रितेश नागर और अंकुश यादव शामिल हैं, जो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहे हैं और प्राइवेट जॉब करते हैं. पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि इंस्टाग्राम रील देखने के बाद शॉर्टकट में ज्यादा कमाई के लालच में नकली नोट खरीदकर शहर में खपाने की तैयारी कर रहे थे. क्राइम ब्रांच द्वारा चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# पिता और भाइयों ने पूरा किया राजा रघुवंशी का सपना

## केट रोड पर राजा भोज नाम से खोला रेस्टोरेंट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इस साल 2 मई को शिलॉन्ग की सोहरा हिल्स की पहाड़ियों में हुए इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद परिवार के टूटे मनोबल और बदले हालात के बीच राजा रघुवंशी के भाइयों ने उसके सपने को जिंदा रखते हुए केट रोड पर 'राजा भोज' नाम से ढाबा शुरू किया है. राजा की हत्या में उसकी पत्नी सोनम, उसका दोस्त राज, आनंद, विशाल सहित अन्य आरोपी बनाए गए हैं.**




राजा रघुवंशी के छोटे भाई सचिन और विपिन ने बताया कि परिवार लंबे समय से आर्थिक और मानसिक तनाव से गुजर रहे थे. ट्रांसपोर्ट कारोबार भी लगातार प्रभावित हो रहा था. ऐसे में पिता की इच्छा थी कि राजा की अधूरी चाहत को पूरा किया जाए. इसी उद्देश्य से केट रोड पर काफी पहले लीज पर ली गई जमीन पर परिवार ने 'राजा भोज' ढाबे की शुरूआत कर दी है. पिता रोजाना शाम को यहां बैठते हैं, जबकि विपिन पूरे सेटअप का संचालन देख रहे हैं. परिवार का कहना है कि यह कदम राजा की यादों को संजोने और आगे बढ़ने की कोशिश है. विपिन ने रेस्टोरेंट को लेकर ज्यादा चर्चा करने से इनकार किया. उनका कहना है कि अब भी कई तरह के विवाद और झूठे आरोप उन पर लगाए जा रहे हैं, इससे परिवार पहले ही काफी तनाव में है. बता दें कि यह वही परिवार है, जिसने कुछ महीने पहले बड़े सदमे का सामना किया था. 2 मई को शिलांग के सोहरा हिल्स में राजा रघुवंशी का शव मिला था. इस मामले में उसकी पत्नी सोनम, उसके दोस्त राज, आनंद, विशाल समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप है. मामले में शिलांग कोर्ट में केस चल रहा है.

# युवती के सुसाइड मामले में लिव इन पार्टनर पर एफआईआर

**मोबाइल चैट में महिला मित्र के साथ दी जा रही थी धमकी**
**इसी के चलते युवती ने डिप्रेशन में कर लिया सुसाइड**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रह रही युवती प्रियांशी राव के आत्महत्या मामले में नया मोड़ आ गया है. मोबाइल चैट में धमकी और विवाद सामने आने पर पुलिस ने उसके प्रेमी और उसकी महिला मित्र को आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

हीरानगर थाना क्षेत्र में 24 नवंबर को मेघदूत नगर निवासी 19 वर्षीय प्रियांशी राव का शव फंदे पर मिला था. शुरूआती जांच में मामले को आत्महत्या माना गया, लेकिन



मोबाइल की गहराई से पड़ताल में पुलिस को उसके लिव-इन पार्टनर नवीन गौर और उसकी मित्र भूमि के बीच व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत में धमकी जैसे संदेश मिले. इसी आधार पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया. थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि प्रियांशी पहले स्कीम नंबर 54 में नवीन के साथ लिव-इन में रहती थी. दोनों के बीच प्रेम संबंध थे, लेकिन नवीन की भूमि नामक युवती से लगातार बातचीत होने पर प्रियांशी तनाव में रहने लगी थी. कई बार झगड़े भी हुए और दोनों युवतियों के बीच चैट पर कहासुनी हुई थी. इसी मानसिक दबाव के चलते प्रियांशी ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया. प्रियांशी मूलत: देवास जिले के बरोठा गांव के एक किसान परिवार की थी. वह पढ़ाई के साथ नवीन और अन्य साथियों के साथ एक कैफे भी चलाती थी. आत्महत्या से कुछ दिन पहले ही वह रिश्तेदारों की मदद से नवीन से अलग होकर नए कमरे में रहने लगी थी. इसी दौरान भूमि से उसका विवाद और बढ़ गया था, पुलिस ने नवीन और भूमि दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. मामले की जांच की जा रही है.

# भाजपा नेता का हवाई फायर वाला वीडियो वायरल

## पुलिस हरकत में आई तो आरोपी ने कहा- पुरानी क्लिप है

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में एक भाजपा कार्यकर्ता को हाथ में पिस्टल लिए फायरिंग करते हुए दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलते ही पुलिस हरकत में आ गई है. इसके बाद आरोपी ने कहा- यह बहुत पुरानी क्लिप है.

वायरल फुटेज शौर्य राजपूत नाम के युवक का है, जो खुद को भारतीय जनता युवा मोर्चा से जुड़ा बताता है. उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में यह क्लिप डाली गई थी, जिसमें वह शादी समारोह की भीड़ के बीच पिस्टल दागता नजर आता है. सोशल मीडिया पर सक्रिय इस युवक ने कई भाजपा नेताओं के साथ अपनी फोटो और वीडियो भी पोस्ट कर रखे हैं. वीडियो सामने आते ही सवाल उठे तो शौर्य ने एक अलग बयान जारी कर मामला शांत करने की कोशिश की. उसने दावा किया कि यह घटना चार साल पुरानी है और बिहार के कटिहार में एक शादी के दौरान शूट की गई थी. उधर, यह भी सामने आया कि 5 दिसंबर को भाजयुमो नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस के दो नोटिस भेजे जाने के बावजूद आरोपी अब तक बयान देने नहीं पहुंचे हैं. एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि वायरल वीडियो पर जांच शुरू कर

**विभागीय कार्रवाई** ▶ **पीएचक्यू ने पुलिस कर्मचारियों के लिए जारी की सख्त एसओपी**

# सोशल मीडिया पर पुलिस वर्दी में मस्ती का दौर खत्म

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस अब वर्दी में रील बनाने वाले कर्मियों पर नजर रखेगी. पुलिस मुख्यालय ने हाल ही में पुलिस कर्मियों के लिए नई एसओपी जारी कर स्पष्ट किया है कि ऐसे कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, निलंबन और पदावनति तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी.**

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर वर्दी में रील बनाने का चलन तेजी से बढ़ा है. आम लोगों के साथ-साथ कई पुलिसकर्मी भी फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) पर वर्दी में अलग-अलग अंदाज में वीडियो पोस्ट कर रहे हैं. इससे पुलिस की सार्वजनिक छवि प्रभावित हो रही है. पुलिस मुख्यालय सूत्रों का कहना है कि इस बार की एसओपी में केवल चेतावनी तक सीमित नहीं रखा है. अब प्रत्येक जिले के एसपी को निर्देश दिया है कि साइबर सेल के जरिए ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ विभागीय जांच, वेतन वृद्धि रोकने, निलंबन, पदावनति और सेवा से पृथक जैसी कार्रवाई की जाए.




**वर्दी में अनुचित हरकतों से पड़ता है पुलिस की प्रतिष्ठा पर असर**

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि वर्दी में अनुचित हरकतों से पुलिस की प्रतिष्ठा पर असर पड़ता है. एसओपी जारी करने का मकसद न केवल सोशल मीडिया पर नियंत्रण रखना है.